# अस्पताल से माँ को छुट्टी देने से पहले जारी किया जाए नवजात का जन्म प्रमाण-पत्र

सच संवाददाता || शाजापुर।



कलेक्टर ऋजु बाफना ने जन्म प्रमाण-पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए जिले के समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पूर्व नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने सभी निर्देशित किया है कि किसी भी शासकीय अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान से मां को डिस्चार्ज देने से पूर्व ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी करें। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने के पूर्व ध्यान रखें कि प्रसूति कक्ष प्रभारी, जन्म-मृत्यु शाखा प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के मध्य समन्वय स्थापित करें, ताकि प्रसूता एवं परिजन को जन्म प्रमाण-पत्र के संबंध में अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। शिशु के जन्म के पश्चात एवं मां की अस्पताल से डिस्चार्ज होने के पूर्व ही परिजन को जन्म प्रमाण-पत्र दें। जन्म प्रमाण-पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो, इसके लिए माता-पिता की पहचान से संबंधित आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, समग्र आईडी, वोटर आईडी आदि के आधार पर माता-पिता का नाम, उपनाम, स्थाई पता, अन्य कॉलम की प्रविष्टि करें और जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान करते समय उक्त प्रविष्ठि की जाँच संबंधित माता-पिता से करवाएं। साथ ही परिजनों को सलाह दें कि शिशु का नाम उस समय रखना आवश्यक नहीं है। यदि फिर भी वह शिशु के नाम सहित जन्म प्रमाण-पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो माता व पिता दोनों की सहमति का एक आवेदन पत्र लें, जिसमें यह लिखा जाये कि भविष्य में शिशु का नाम परिवर्तन नहीं किया जायेगा। परिसर में जन्म प्रमाण-पत्र की उपयोगिता से संबंधित नोट भी चस्पा करे, ताकि आमजन में जन्म प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जा सके। इसके साथ ही चिकित्सालय परिसर में रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के द्वारा आवश्यक निर्देश का बोर्ड लगाने के निर्देश दिये हैं। प्रत्येक परिजन द्वारा शिशु के जन्म के पश्चात एवं माता के हॉस्पीटल से डिस्चार्ज से पूर्व जन्म प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

## चौराहों व चौपाल पर नहीं होंगे जुलूस व धरना प्रदर्शन

**शाजापुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर ऋजु बाफना ने आगामी त्यौहार मोहर्रम, श्रावण सोमवार, नागपंचमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि पर्व को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थानों, चौराहो, चौपाल, नगर के तिराहे इत्यादि में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि को प्रतिबंधित किया गया है।यह आदेश जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावनाओं को नियंत्रण की दृष्टि से जारी किया गया है एवं परिस्थितिवश इतना समय उपलब्ध नहीं है कि संबंधित जन सामान्य व्यक्ति या समूह को इस संबंध में सूचना दी जाकर सूचना की जा सके।यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत् अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा। यह आदेश 03 जुलाई 2025 से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

## सच संक्षेप

### आई.टी.आई में संगोष्ठी



**कटनी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 09 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अंतर्गत पखवाड़े के द्वितीय दिवस पर शासकीय आई.टी.आई. मे अभाविप एक ध्येय यात्रा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, विभाग संगठन मंत्री सुब्रत बाझल, विभाग संयोजक सीमांत दुबे , शासकीय आईटीआई प्रभारी प्राचार्य रीता त्रिपाठी , ऋषभ त्रिपाठी सभी छात्र-छात्राएं एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव ने बताया कि अभाविप् छात्र हित समाज हित राष्ट्रहित के साथ-साथ सभी इकाई एवं सभी परिसरों में पहुंचकर अपने कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र - छात्राओं के बीच अपना एक अलग स्थान बनाने का कार्य किया है! लगातार 77 वर्षों से अभाविप् राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है।उप मुख्यमंत्री ने टेलीमेडिसिन सेवा का किया शुभारंभ

### टेलीमेडिसिन सेवा शुरू

**शहडोल।** टेलीमेडिसिन सेवा शुभारंभ होने से प्रदेश के दूरवर्ती और आदिवासी क्षेत्रों तक उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति के इस युग में टेलीमेडिसिन जैसी तकनीक जनसामान्य को त्वरित, विशेषज्ञ और सुलभ उपचार प्रदान करने का सशक्त माध्यम बनेगी।

### संस्कृति पर्व 13 से



शिवपुरी-दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही घटनाओं,नशे की गिरफ्त में आ रही युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन देने उनके भविष्य को संवारने की विशुद्ध मंशा के साथ परिमल समाज कल्याण समिति शिवपुरी द्वारा 13 जुलाई से संस्कृति पर्व को प्रारम्भ किया जा रहा है,ये अभियान एक माह तक चलेगा जिसमें 10 अगस्त को इस अभियान का समापन होगा।परिमल समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार रामायण और गीता से दूरी भारतीय समाज की हो रही है,महापुरुषों के जीवन चरित्र को भुलाया जा रहा है,नशे जैसी व्याधियों में युवा घिर रहे है,इन सभी विषमताओं को ध्यान रखते हुए 13 जुलाई से संस्कृति पर्व को प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रथम चरण में 13 जुलाई रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर अस्पताल चौराहा पर दोपहर 2 बजे शौर्य निनाद के नाम से कहानी, चित्रकला, कथा कथन व तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे तीन श्रेणी विद्यालय, महाविधालय व कोई आयु सीमा नही की ये प्रतियोगिता आयोजित होगी।भारतीय संस्कृति, महापुरुष, कुटुंब, आध्यात्मिक विषयो पर केंद्रित ये प्रतियोगिता रहेगी।

### पौधे किए वितरित



**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण बहुत ही आवश्यक है, पर्यावरण का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शुक्रवार को फेनिक्स इंटरनेशनल स्कूल बैतूल बाजार में वर्मा कुर्मी समाज संगठन के द्वारा महिला प्रकोष्ठ के गठन पर मधु वर्मा के सौजन्य एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत 40 अनार और 10 अशोक के पौधे छात्र छात्राओं को पौधे वितरित किए। इस अवसर पर मुकेश वर्मा एवं अजय पवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया की भविष्य में अगर पौधे नही लगाए तो ऑक्सीजन खरीदना पड़ेगा। उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी को पौधा रोपण के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया गया जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के मिश्रीलाल मालवीय,युवा प्रकोष्ठ के मनीष धोटे,अनूप वर्मा, मुकेश वर्मा,भुवनेश्वर झाड़े, अशीष पटैया,एवम समस्त वर्मा समाज संगठन के परिजन उपस्थित थे। स्कूल के संचालक संजय वर्मा द्वारा का आभार व्यक्त किया।

## दिनभर छाए रहे बादल, उमस से परेशानी



**शाजापुर।** मानसून के आगमन के बाद से ही नगरवासी आसमान ताक रहे हैं। शुक्रवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। जो रह-रहकर बारिश की संभावना जताते रहे, लेकिन कुछ देर बाद आसमान साफ हो गया और नगरवासी खाली हाथ रह गए।

22 जून को मानसून ने जिले में प्रवेश कर लिया था, लेकिन अभी तक मानसूनी बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। नगर में केवल रिमझिम फुहारें ही बरस रही हैं। जिससे मौसम में भी नाम मात्र की ठंडक घुल रही है। जिसके चलते लोगों को गर्मी से अभी भी राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे और हवाएं भी थमी रही और लोगों का उमस से बुरा हाल रहा। इस दिन अधिकतम तापमान 29.4 व न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में मजबूत सिस्टम बनेगा और बेहतर बारिश होगी।

### मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे नगरवासी

मानसूनी बारिश के नाम पर नगर में केवल रिमझीम फुहारें ही बरस रही हैं। जिससे मौसम में कुछ देर के लिए ठंडक घु रही है, जिसके बाद मौसम खुलने से उमस व गर्मी से लोगों के पसीने छूटने लगते हैं। ऐसे में लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है जो सर्दी, बुखार व खांसी की बीमारी से जूझ रहे हैं।

## सड़क के लिए चक्काजाम

शिवपुरी। शु वार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बदरवास के कार्यकर्ताओं ने शासकीय महाविद्यालय बदरवास तक पहुंच मार्ग के विषय को लेकर बदरवास नगर के मुख्य मार्ग को रोककर चक्क ।जाम कर दिया व नारेबाजी करते हुए घंटों तक धरना प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष ईशु अग्रवाल व नगर मंत्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से बताया कि शासकीय महाविद्यालय बदरवास तक के मार्ग में सिर्फ कीचड़ ही कीचड़ है, महाविद्यालय में पढने़ वाले विद्यार्थियों समेत प्राध्यापक आदि सब परेशान है, वहीं एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ रघुवंशी ने कहा कि पहुंच मार्ग नहीं बनता तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

चक्क ।जाम प्रदर्शन में परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें भाग संयोजक शिवम शर्मा, पवन परिहार, मंजीत परिहार, शिवम शर्मा, भुवनेश राठौर, गोलू छारी, जतिन ग्वाल, संस्कार राठौर, देव ग्वाल, निखिल सूर्यवंशी, राज नामदेव, कार्तिक पाल, वैभव जोशी, आदित्य सेन, यश ग्वाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने घायलों से की मुलाकात



**बैतूल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान मंत्री श्री पटेल ने घायलों का हाल जाना और उन्हें हर संभव बेहतर उपचार दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय पर घायलों को अस्पताल पहुंचाने और त्वरित उपचार व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर घायलों को आवश्यकतानुसार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें शीघ्र स्वस्थ किया जा सके। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने बस दुर्घटना की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को घटनास्थल पर सुरक्षा के सभी वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति दोबारा न हो। इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, सुधाकर पवार, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, एसडीएम राजीव कहार एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गढ़ेकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज उरमाड़े उपस्थित रहें।

## हल होगीं कर्मचारियों की समस्याएं

**शिवपुरी।** कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतू जिला परामर्श दात्री की बैठक कलेक्ट्रेट में जिलाधीश रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई जिसमें डिप्टी कलेक्टर ब्रजेन्द्र सिंह यादव, ममता शाक्य सहित सभी विभाग प्रमुख एवं सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित हुये। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ ने परामर्श दात्री की बैठक आयोजित करने पर जिलाधीश का आभार प्रकट करते हुये कर्मचारियों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया।

म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेन्द्र पिपलौदा एवं राज कुमार सरैया ने संयुक्त रूप से वताया कि काफी लब्बे समय से विभाग प्रमुखों द्वारा विभागीय परामर्श दात्री की बैठक समय पर आयोजित न होने से कर्मचारियों की समस्याओं का अंबार लग गया है। संघ ने विभागीय परामर्श दात्री की बैठकें आयोजित करने की मांग सहित जिले के समस्त विभागों की 14 सूत्रीय मांगों को बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के समक्ष रखा। जिन्हे गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर शिवपुरी ने सभी विभाग प्रमुखों को कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश बैठक में दिये। कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनने व त्वरित निराकरण की कार्यवाही किये जाने से समस्त कर्मचारी संघों ने जिलाधीश का आभार प्रकट किया है। राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग जिलाधीश से की है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटे चेक

**शहडोल ।** किसी भी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा अनिवार्य है। जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे, वे न तो अपने अधिकारों को समझ पाएंगे और न ही अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन कर पाएंगे। शिक्षा से ही नई सोच, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता का मार्ग खुलता है। आधुनिक युग में शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना तरक्की कर पाना संभव नहीं है।

उक्त विचार संभागीय मुख्यालय शहडोल के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 12 वीं के एमपी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों को मनपसंद लैपटॉप खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा विद्यार्थी को उच्च शिक्षा व आगे की पढाई करने के लिए यह लैपटॉप काफी मददगार साबित होगा और अपना लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि कमजोर तबके के विद्यार्थी भी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे अच्छे पदो में जाए इसके लिए हर संभव मदद की जा रही है, किसी भी स्थिति में शिक्षा के लिए आर्थिक संकट नही होने दिया जाएगा। विद्यार्थी अच्छी मेहनत और लगन के पढाई करना चाहिए, असफलता भी मिल जाए तो निराष नही होना चाहिए, उस असफलता होने का कारण खोजे और उसे सुधार करे तो सफलता अवश्य मिलती है, विद्यार्थी अपने सीनियरो से भी मार्गदर्षन जरूर लें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा तो ग्रहण कर रहे है लेकिन षिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा सीखे तो समाज के लिए वरदान साबित होगा,संस्कारयुक्त षिक्षा देने में अभिभावक, गुरूजन अपनी महती भूमिका निभाए।

## पूर्व सैनिकों की बैठक

**आष्टा।** जिला कलेक्टर बाला गुरु की अध्यक्षता एवं भोपाल से पधारे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव खत्री की विशिष्ट उपस्थिति में कलेक्टर सभागृह में पूर्व सैनिक वीर नारियों की बैठक संपन्न हुईष वीर नारियों,पूर्व सैनिकों की विभिन्न राजस्व, चिकित्सा सुविधा, पेंशन, एवं प्रशासनिक क्षेत्र की समस्याओं के आवेदन स्वीकार किए गए और उन्हें कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया ।एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी म.प्र द्वारा दिवंगत सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का निवेदन किया जिस पर नियम अनुसार कार्रवाई करने का विश्वास व्यक्तकिया गया। एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष संतोष शर्मा के संयोजन में कलेक्टर महोदय एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी महोदय को पुष्प पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए सोसाइटी की म.प्र. सैनिक कल्याण पत्रिका भारतीय सैनिक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । जिला सैनिक कल्याण अधिकारी महोदय को आष्टा प्रवास हेतु निवेदन किया गया जिसे आपने स्वीकार किया।

## जत्था रवाना

**बैतूल।** प्राचीन श्री माता मंदिर माता सेवा युवा मंडल शंकर नगर बैतूल के पदाधिकारीगण हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बर्फानी श्री अमरनाथ जी की यात्रा के लिए रवाना हुए। बम-बम भोले, हर हर महादेव और बाबा बर्फानी की जयकारों से स्टेशन परिसर गूंज उठा।यह यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक है और हर वर्ष वे इसे सेवा और सौभाग्य का अवसर मानते हैं।

## किसानों को बीज मिनी किट वितरित



**सिलवानी ।** ग्राम प्रतापगढ़ के आदिवासी भवन परिसर में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन दलहन योजनांतर्गत अरहर बीज मिनी किट वनाधिकार पट्टाधारकों को निशुल्क वितरित किया गया। जिसमें प्रतापगढ़ वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को अरहर बीज किस्म पूसा -16सैकड़ो वनाधिकार के किसान नि:शुल्क बीज वितरण से हुए लाभान्वित पप्पू ठाकुर मंडल अध्यक्ष एवं घनश्याम राठौर उपाध्यक्ष के द्वारा मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कृषि विकास अधिकारी सुनील मालवीय आज जनपद पंचायत सिलवानी के अंतर्गत आदिवासी अंचल के ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ में वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को अरहर बीज किस्म पूसा -16 मिनिकिट नि:शुल्क वितरण किया गया शासन द्वारा वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को अरहर फसल की खेती करने के साथ साथ अन्य उपज खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## बाल हनुमान मंदिर में की सफाई

**बैतूल।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पूरे प्रांत में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बैतूल नगर स्थित श्री दक्षिण मुखी बल हनुमान मंदिर परिसर में सफाई एवं पौधरोपण किया गया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख श्री कृष्णकांत गावंडे ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत मंदिर परिसर को साफ-सुथरा किया गया और पौधे लगाए गए। इस दौरान उन्होंनें सेवा सप्ताह के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह अभियान आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत गौरक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला सह मंत्री राजू ठाकुर, जिला सह मंत्री मनीष सिंह रघुवंशी, जिला सह संयोजक यश वर्मा, प्रखंड संयोजक हिमांशु ठाकुर, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख कुणाल पाटिल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**शिवपुरी।** स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी शास. कन्या महाविद्यालय परिसर में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ नवीन प्रवेशित छात्राओ को तिलक लगाकर उनका स्वागत करके किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की अध्यक्ष डॉ. रश्मि गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एन. के. जैन द्वारा की। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. एस.एस. खण्डेलवाल एवं प्रो. मनोज जैन मंच पर उपस्थित रहें। कार्यकम का संचालन डॉ. अनीता कैमोर द्वारा किया गया तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा छात्राओं को अपना परिचय दिया गया। महाविद्यालय की जनभागीरी अध्यक्ष डॉ. रश्मि गुप्ता ने छात्राओं का स्वागत किया और आगे बढने् के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया युवा समाज एवं देश को आगे ले जा सकते है छात्राएँ खेलों के प्रति अपना रूझान बढाएँ। प्राचार्य डॉ.एन.के.जैन द्वारा बताया कि प्रवेश लेने वाली समस्त छात्राएँ समय पर कक्षा में उपस्थित रहें। महाविद्यालय में संचालित सभी प्रकार की संचालित समस्त योजनाओ जैसे छात्रवृत्ति, एनएसए, एनसीसी, कॅरियर मार्गदर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई।इस अवसर पर समस्त महाविद्यायीन स्टाफ एवं नवीन प्रवेशित 82 छात्राऐं उपस्थित रहीं। स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी शा.कन्या महाविद्यालय में 5 जून से 30 सितम्बर तक एक पेड़ मों के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03 जुलाई 2025 को वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

## 10 जुलाई को होगा विशाल भंडारा

शिवपुरी। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन के उद्देश्य और दिशा को समझने में मदद करती है, और मोक्ष की प्राप्ति में सहायक होती है। कथा श्रवण से पता चलता है कि भगवान ने किस तरह सम और विषम परिस्थितियों में अपने जीवन को आनंद के साथ व्यतीत किया। शिवपुरी शहर से 4 किलोमीटर की दूरी पर ग्वालियर रोड पर स्थित कत्था मिल के सामने श्री राम जानकी तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास जी महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा के साथ हो चुका है। सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया ठकुरपुरा में स्थित महादेव जी के मंदिर से प्रारंभ होकर यह यात्रा एबी रोड

## भीमपुर में सिकल सेल को लेकर जागरूकता प्रशिक्षण



**बैतूल।** बचपन से ही यदि गंभीर बीमारियों की पहचान और समझ दी जाए, तो कई जिंदगियां समय रहते बचाई जा सकती हैं। सिकल सेल जैसी अनुवांशिक बीमारी पर जानकारी और जागरूकता जरूरी है, ताकि इसका समय रहते इलाज और नियंत्रण संभव हो सके। इसी उद्देश्य को लेकर आज भीमपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष सिकल सेल प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर छात्र-छात्राओं तक को गंभीरता से प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व सिकल सेल जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिते और डॉ. राजेश परिहार ने किया। उनके साथ भीमपुर खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम और बीईई भी इस आयोजन में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकिता सिते द्वारा सिकल सेल से बचाव, लक्षण, सिकल सेल पॉजिटिव व्यक्तियों की पहचान, उनके लिए उपचार की प्रक्रिया एवं इस बीमारी की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।


## कार्यालय नगर निगम, भोपाल

जोन क्र.-07 यांत्रिक विभाग
यातायात पार्क

क्रमांक 1120/यां.वि./जोन क्र. 07/2025 — भोपाल, दिनांक 04/07/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_390120_4 | CONSTRUCTION OF PUBLIC URINAL INFRONT OF PATHAN FITNESS BEHIND VARHMAN HOSPITAL WARD 34 ZONE 07 | 2.20/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |
| 2. | 2024_UAD_398133_4 | CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL AT YADAVPURA WARD 34 ZONE 07 | 9.03/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |
| 3. | 2024_UAD_409168_3 | CONSTRUCTION OF E-LIBRARY FOR DHRISHTIHEEN VIKAS SANG NEAR MALVIYA NAGAR COMPLEX IN W-34 Z-07 | 6.61/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |
| 4. | 2024_UAD_434927_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD FROM HARI SINGH HOUSE TO YADAV KIRANA STORE, GOLU JI HOUSE TO HARI SINGH JI HOUSE NEAR MISSIONARIES OF CHARITY MOTHER TERESA AHIRPURA WARD 34 ZONE 07 | 6.80/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |
| 5. | 2024_UAD_434987_1 | COVERING OF SHED AREA, INSTALLATION OF GATE RAILLING AND OTHER REPAIRING WORK AT KHATLAPURA GHAT WARD 34 ZONE 07 | 3.37/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |
| 6. | 2024_UAD_435005_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN FROM HAKUMVHAND JI HOUSE TO IKRAM JI HOUSE SULTANA BEGUM TO HARISH PATEL JI HOUSE AND C.C. WORK AT AHIRPURA WARD 34 ZONE 07 | 2.30/- | 18.07.2025 | 5:30 PM |

नि.क्र. 1895/025/026

सहायक यंत्री
जोन क्र. 07
नगर निगम, भोपाल